बिहपुर में जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/सदस्यों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

कहलगांव में आज व भागलपुर में कल आयोजित होगा प्रशिक्षण सह कार्यशाला

राजकिशोर साह/ब्यूरो चीफ(भागलपुर)

बिहार कथा:गुरूवार को बिहपुर प्रखंड के एनएच31 स्थित शांति ढावा में भागलपुर वन प्रमंडल के तत्वाधान में जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित हुआ।बता दें कि पंचायत,प्रखंड व जिलास्तर पर त्रिस्तरीय प्रबंधन समिति बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद जो जैव विविधता अधिनियम2002 के अंतर्गत गठित सरकार का एक स्वायत्त सांविधिक निकाय है।इस कार्यशाला में बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय,उप निदेशक मिहिर झा व भागलपुर वन प्रमंडल पदाधिकारी भागलपुर श्वेता कुमारी समेत बिहार राज्य वन्य प्राणी परिषद सह डाल्फिन विशेषज्ञ प्रो.सुनील चौधरी व आईयूसीएन स्पेशिज सर्वाईवल कमिशन सह पक्षी विशेषज्ञ आविंद मिश्रा आदि ने इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला को संबोधित किया।जिसमें 21 नवंबर 2022 को गठित प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य को उनके कार्य की जानकारी देते हुए उनका क्षमता विकास किया गया।बताया कि पूरे राज्य में जिला से अनुंडल तक इस प्रकार की सै कार्यशाला आयोजित होगा।इस कड़ी में कहलगांव में आज/शुक्रवार व भागलपुर में कल/शनिवार को यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित होगा।प्रबंधन समिति को जैव विविधता के संरक्षा, उपयोग,लाभ व सहभागिता के बारे में बताया गया।21 वीं सदी में पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याओं के काणों तथा इनके

आवांछित परिणामों में जैव विविधता का तेजी से घटना शमिल है।इन समस्याओं के समाधान में जैव विविधता को संरक्षित करना तथा उन्हें उपयुक्त प्राकतिक अवस्था में बहाल करना सर्वथा जरूरी है।इसलिए जैव विविधता के कानून में पंचायतों व पंसस और नगर निकाय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रकिया से जैव विविधता प्रबंधन समिति का प्रावधान किया गया है।वन क्षेत्र पदाधिकारी नवगछिया पृथ्वीनाथ सिंह,वनपाल धीरेंद्र ठाकुर,वन क्षेत्र पदाधिकारी भागलपुर रूपम कुमार सिंह व रागिनी सिंह आदि समेत वनरक्षी आदि की इस दौरान अहम भागीदारी रही।